प्रेस विज्ञप्ति

भारत भूखे अमर गीत का एक निराला छंद बनो जागो उठो देश के बेटों आओ विवेकानंद बनो

हिन्दुस्तान कॉलेज में ताईक्वाण्डो फेडरेशन के सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के सभागार में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कवि सम्मेलन ताईक्वाण्डो फेडरेशन के विशेष सहयोग से हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी और आगरा की काव्य संस्था शब्दोत्सव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। इस कवि सम्मेलन में आगरा क्षेत्र के अपर आयुक्त विभागीय प्रतिनिधि श्री सुनील वाजपेयी (सरल जी) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जो एक अधिकारी के साथ अच्छे साहित्यकार भी हैं और उनकी गीता ज्ञान सागर और नई मधुशाला नाम की कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ।

तत्पश्चात् संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने सभी कवियों और अतिथियों का फूलमालायें और शॉल उढ़ाकर स्वागत किया।

इसके पश्चात् धौलपुर से पधारे वीर रस के कवि श्री पदम गौतम ने कवि सम्मेलन का विधिवत संचालन किया। जिसमें सर्वप्रथम दोहाकार जितेन्द्र गौतम ने अपना काव्य पाठ किया। उन्होंने कहा ‘‘दोहे की रचना करू, लिखू चरण में चार, अगर मुझे मिलता रहे,

सुधी जनों का प्यार'' इसके बाद काव्य पाठ करने आये गजलकार श्री राकेश निर्मल जी ने पढ़ा ''हर किसी के दिल पे अपनी इतनी हिस्सेदारी हो, हम अगर रो दें, हसाना सबकी जिम्मेदारी हो''।

इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी कवियत्री डॉ. रूचि चतुर्वेदी ने पढ़ा ''भारत भूखे अमर गीत का एक निराला छंद बनो जागो उठो देश के बेटों आओ विवेकानंद बनो''। जिसके बाद पूरा सभागार तालियों से बहुत देर तक गूंजता रहा।

अगले क्रम में ख्याति प्राप्त व्यंग कार श्री हरेश चतुर्वेदी जी के व्यंग और हास्य भरे छंदों से सभागार गूंजता रहा।

उसके बाद श्री पदम गौतम जी ने पढ़ा ''प्रेम का किरदार बोल में नहीं सकता, प्रीत का बहुमूल्य सोना हो नहीं सकता, कीमती से कीमती बिस्तर पर सो लेना माँ के आंचल सा बिछोना हो नहीं सकता''।

कवि सोम ठाकुर ने अपने काव्य पाठ में क्या बतलायें तुमने कैसे सांझ सवेरे देखे हैं सूरज के ऊँचे ऑसन पर घने अंधेरे देखे हैं।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सलीम अहमद ने किया।

कवि सम्मेलन में आगरा जिला ताईक्वाण्डो एसोसियेशन के पदाधिकारी श्री एम.सी. शर्मा, पंकज शर्मा, संस्थान के प्रोफेसर डॉ. विमल कुमार गुप्ता, श्री शंकर ठाकर, संस्थान के खेलकूद निदेशक डॉ. राजेश कहरवार, श्री मनीष गुप्ता, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आये खिलाड़ी एनसीसी विंग के छात्र उपस्थित रहे।